केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान
राजभाषा अनुभाग

सं.20-5/15/22-राभा. दिनांक 09.02.2022

परिपत्र

विषय:- अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन.

संस्थान में कार्यालयी विषयों पर व्याख्यान, अभ्यास कार्य एवं प्रशिक्षण के माध्यम से हिंदी कार्यशाला का नियमित आयोजन किया जाता है। दिनांक 21 फरवरी 2022, सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर ऑनलाइन हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राजभाषा हिंदी, मातृभाषा संवर्धन, हिंदी के डिजिटल परिवेश एवं प्रशासनिक विषयों की हिंदी में अभिव्यक्ति से संबंधी विषय सम्मिलित किए जाएंगे जो संस्थान के अधिकारियों के लिए सतत रुप से उपयोगी हैं। एमएस टीम के माध्यम पर प्रस्तावित हिंदी कार्यशाला का कार्यक्रम निम्नवत है –

क्र.	समय	विषय	वक्ता
1	प्रात:10.00-11.20	डिजिटल परिवेश में भारतीय भाषाओं की अस्मिता और सार्थक फैलाव में हम सबकी भूमिका	डॉ. सी.जयशंकर बाबू, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, पांडिचेरी विश्वविद्यालय
2	प्रात:11.25-12.45	सीसीएस (आचरण) नियमावली, 1964 के नियम 18 के संदर्भ में चल और अचल संपत्ति विवरणी	श्री विरंची सारंग, प्रशासन अधिकारी, सीआरआरआई
3	अप.02.00-03.20	हिंदी कंप्यूटिंग के विविध आयाम और वाक् से टंकण (वाइस टाइपिंग)	श्री बालेंदु शर्मा दाधीच, निदेशक (स्थानीय भाषाएं और सुगम्यता), माइक्रोसॉफ्ट
4	अप.03.25-04.45	विश्व की भाषाओं के परिप्रेक्ष्य में भारत में राजभाषा की स्थिति	डॉ. विजय कुमार मल्होत्रा, पूर्व निदेशक (राजभाषा), रेल मंत्रालय

भारत सरकार की हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के संवर्धन की नीति के अनुपालन की दृष्टि से उपर्युक्त सभी विषय महत्वपूर्ण हैं। कार्यालय में दैनिक काम को करने में वाइस टाइपिंग तथा अन्य डिजिटल साधनों की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसकी व्यापक जानकारी व्याख्यान एवं प्रशिक्षण के माध्यम से दी जाएगी। कार्यशाला के लिए निर्धारित विषयों की उपयोगिता को देखते हुए सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुखों से ऑनलाइन कार्यक्रम में अधिकारियों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध है।

कार्यशाला के ऑनलाइन आयोजन के लिए एमएस टीम्स का लिंक यथासमय सभी संबंधितों को भेज दिया जाएगा। राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यों, प्रमुखों, वैकल्पिक प्रमुखों, हिंदी के संपर्क अधिकारियों, सहकर्मियों एवं नामित प्रतिभागियों से यह अनुरोध रहेगा कि समय से कार्यशाला में सम्मिलित हों । चूंकि हिंदी कार्यशाला में एमएस टीम्स के माध्यम से व्याख्यान/प्रशिक्षण देने के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है, अत: सत्रों को पारस्परिक संवादात्मक रुप देना अधिक लाभदायक होगा। तदनुसार विशेषज्ञों से शंका समाधान किया जा सकता है एवं प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

09.02.22
(संजय चौधरी)
हिंदी अधिकारी

प्रतिलिपि -

1. निदेशक महोदय का कार्यालय : सूचनार्थ
2. वरि. प्रशासन नियंत्रक का कार्यालय : सूचनार्थ
3. प्रशासन अधिकारी का कार्यालय : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु
4. सभी अनुभागीय/प्रभागीय प्रमुख : ऑनलाइन कार्यशाला में प्रतिभागिता के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु
5. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य } व्यापक प्रचार प्रसार एवं
6. राजभाषा मॉनीटरन समिति के सदस्य } प्रतिभागिता हेतु.
7. कार्यालय प्रति
8. सूचना पट्ट

hindi kar 2017OM